# निगम सभागार में स्ट्रीट फूड वेंडरों की कार्यशाला आयोजित

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में फूड व्यवसाय करने वाले वेंडरो की कार्यशाला निगम सभागार में आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से ऐसे व्यवसायी हैं, जो रोड के किनारे खाद्य सामग्रीयों का ठेला या गुमटी लगाकर व्यवसाय करते है। मुख्य व्यवसाय जैसे– चाट, इडली, गुपचुप, दोसा, समोसा, मोमोज, चाउमिन, चाय, भजिया, सैन्डविच, बर्गर, बड़ा, भेल, बर्फ का गोला, अंडा एगरोल, कुल्फी, आईसक्रीम, मैंगोसेक, गन्ना रस इत्यादि। ऐसे व्यवसायियो को बुलाकर प्रथम एजुकेशन फांउडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसका मुख्य उददेश्य था कि सभी वेंडर्स को शासन द्वारा दी जा रही स्वनिधि योजना का लाभ मिले एवं वेंडिंग जोन में स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। इस प्रशिक्षण में लगभग 40 से अधिक संख्या में स्ट्रीट फूड वेंडर शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान वेंडरो को बताया गया कि खादय सामग्री बनाते समय एवं ग्राहको को परोसते समय साफ सफाई का ध्यान रखे, कचरा इधर उधर न फेके, हाथो में ग्लब्स पहने, नाखून साफ रखे, बनाते समय पोछने वाले कपड़ो को स्वच्छ रखे, पीने का पानी एवं धोने के पानी में दुरी रखे, पाउच एवं तम्बाखू खाकर व्यवसाय न करें, स्वच्छ कपड़ा पहनकर व्यवसाय करें, जहां बनाते है वहां गंदगी न रखे, पकाने वाले तेल का एक्सपायरी तिथि को ध्यान में रखे और उसी तेल को बार बार न उपयोग में लायें। कार्यशाला के दौरान निगम से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रोग्राम हेड अंकित राठौर, कलस्टर लीडर पवन साहू, प्रोग्राम कार्डिनेटर भोजराम साहू, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन मैनेजर नलनी तनेजा, सेक्टर हेड सुभाष डोंगरे, टीकाराम साहू, योगेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

